सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 05 | इंदौर, मंगलवार 16 जुलाई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**Headline**

1. India-Ukraine: भारत यूक्रेन से नाखुश; पीएम मोदी-राष्ट्रपति पुतिन की मुलाकात पर जेलेंस्की ने दिया था तीखा बयान
2. Dengue Vaccine: 10335 लोगों को लगेगा डेंगू का टीका, देश में 19 जगहों पर 18-60 उम्र के लोगों पर होगा परीक्षण

**राजस्व महाअभियान-2**

# राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए प्रदेश में चलेगा 45 दिन का विशेष अभियान: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## राजस्व अभिलेखों की त्रुटियों को किया जाएगा दुरुस्त

## संभाग आयुक्त और जिला कलेक्टर करें सतत् निरीक्षण

## उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया जाएगा पुरस्कृत

## डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण एक अगस्त से 15 सितम्बर तक चलेगा

◆ **मुख्यमंत्री ने दिये मैदानी अफसरों को निर्देश**






@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राजस्व महा अभियान प्रथम चरण (जनवरी-मार्च 2024) की सफलता को देखते हुए राज्य शासन द्वारा राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख त्रुटियों को ठीक करने के लिए राजस्व महाअभियान-2, 18 जुलाई से 31 अगस्त तक चलेगा। अभियान के दौरान सभी संभाग आयुक्त और कलेक्टर अपने क्षेत्रों का निरंतर निरीक्षण करेंगे। उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजस्व अधिकारियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य राजस्व न्यायालय में समय सीमा पर लंबित प्रकरणों का निराकरण, नए राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान योजना सभी पात्र किसानों को लाभ देना, समग्र का आधार ई-केवाईसी और खसरे की समग्र/ आधार से लिंकिंग एवं फार्मर रजिस्ट्री का क्रियान्वन है। डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण एक अगस्त से 15 सितम्बर तक होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर राजस्व महाअभियान के संचालन संबंधित जानकारी ली। बैठक में राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा, मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय श्री संजय कुमार शुक्ला सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। सभी संभागायुक्त एवं जिला कलेक्टर्स बैठक में वर्चुअली शामिल हुए। इंदौर से संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, कलेक्टर श्री आशीष सिंह सहित अन्य राजस्व अधिकारी शामिल हुये।

### पटवारी ई-डायरी बनायें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पटवारी डायरी डिजिटल की जाए। मेन्युअल डायरी प्रथा समाप्त की जाए। पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ के लंबित प्रकरणों में ई-केवाईसी करें। अच्छा वातावरण निर्मित करें। गौ-शालाओं की क्षमता अनुसार गौ-वंश रखें, वे सड़कों पर न दिखें। राज्य सरकार द्वारा गौ-शालाओं को दिया जाने वाले अनुदान को दोगुना कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध रेत उत्खनन पर कार्यवाही हो।

### पटवारी रहें मुख्यालय पर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पटवारी मुख्यालय पर रहें, दक्षता के साथ कलेक्टर कार्यवाही करें। अभियान की हर दिन समीक्षा की जाए, साफ-सुथरा कार्य हो, अच्छा कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। गलती होने पर माफ नहीं किया जाएगा। कमिश्नर अपना 45 दिन का दौरा कार्यक्रम बनाएं, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। अभियान में नक्शा दुरुस्तीकरण का कार्य अच्छा हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रमुख सचिव को लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। स्वामित्व योजना का लाभ दिए जाना सुनिश्चित किया जाए, परंतु इस बात का ध्यान रखा जाए कि इसका दुरुपयोग न हो। नदियों में रेत का अवैध उत्खनन सख्ती से रोका जाए। बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार का पूरा प्रबंधन किया जाए।

प्रदेश में 15 जनवरी से 31 मार्च तक चलाए गए राजस्व महाअभियान-01 में 30 लाख से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया। इस महाअभियान में सभी जिलों में अच्छा काम हुआ। महाअभियान में राजस्व प्रकरणों के निराकरण प्रतिशत के हिसाब से पांढुर्ना प्रथम, बुरहानपुर, द्वितीय, खण्डवा तृतीय स्थान पर है जबकि हरदा दसवें स्थान पर रहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल, सिंगरौली, मुरैना, उमरिया द्वितीय चरण में अच्छा कार्य करें, कोई शिकायत नहीं आए। विवादित प्रकरणों पर ठोस कार्यवाही की जाए। समग्र का आधार से सत्यापन करना जरूरी है।

### राजस्व महाअभियान-01 की उपब्धियां

राजस्व महाअभियान-01 के दौरान प्रदेश में नामांतरण मद में कुल 3 लाख 23 हजार 016 प्रकरणों का निराकरण, बंटवारा 40 हजार 414 प्ररकण का निपटारा, सीमांकन मद 43 हजार 189 प्रकरणों का निपटारा, अभिलेख दुरुस्ती मद 27 हजार 373 प्रकारणों का निपटारा, नकशा तरमीम मद में 26 लाख 14 हजार 263 प्रकरणों सहित कुल 30 लाख 48 हजार 255 प्रकरणों का निपटारा किया गया है। जिलेवार स्थिति इस तरह हैः- पांढुर्णा कुल लंबित 268545 प्रकरणों में से 1लाख 13 हजार 396 निराकृत हुए, बुरहानपुर में 2 लाख 55 हजार 487 लंबित प्रकरण 9 हजार 93 निराकृत, खण्डवा 5 लाख 30 हजार 42 लंबित, निराकृत एक लाख 68 हजार 549 हुए, झाबुआ 4 लाख 48 हजार 985 लंबित एक लाख 46 हजार 405 निराकृत, विदिशा 9 लाख एक हजार 928 लंबित 2 लाख 49 हजार 194 निराकृत, सीहोर 10 लाख 61 हजार 473 लंबित 3 लाख दस हजार 651 निराकृत, रायसेन 8 लाख 7 हजार 423 निराकृत, निवाड़ी 3 लाख 51 हजार, लंबित 77 हजार 806 निराकृत, शिवपुरी 14 लाख 38 हजार 239 लंबित 3 लाख 26 हजार 957 निराकृत, हरदा 4 लाख 9 हजार 446 प्रकरण लंबित 81 हजार 327 निराकृत प्रकरण शामिल हैं।

म. प्र. कांग्रेस उधोग एवं व्यापार प्रकोष्ट के अध्यक्ष अजय चौरडिया ने पटवारी पर लगाए कई आरोप

# पटवारी की बीजेपी नेताओं से व्यापारिक संबंध और सांठ गांठ है

- मध्यप्रदेश कांग्रेस में घमासान , अंतर्कल्ह जारी.
- पटवारी को बताया अहंकारी और सेटिंगबाज....
- वे किसी भी कार्यकर्ता का न तो फोन उठाते और नही बात करते है
- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी के नेतृत्व में कांग्रेस लगातार कमजोर हो रही है
- प्रदेश कांग्रेस का कार्यकर्ता हताश है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। म. प्र. कांग्रेस उधोग एवं व्यापार प्रकोष्ट के अध्यक्ष अजय चौरडिया ने कहा कि प्रदेश के 80 फीसदी विधायक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से नाराज है। जब तक प्रदेश कांग्रेस की कमान जीतू पटवारी और प्रभारी का दायितव निभा रहे महासचिव भंवर जितेंद्रसिंह के पास रहेगा तब तक प्रदेश में कांग्रेस कमजोर ही रहेगी और लगातार पिछडती ही जायेगी। पहली बार किसी कांग्रेसी नेता ने अपनी ही पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोला है। मध्यप्रदेश उद्योग एवं व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अजय चोरडिया , कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के करीबी माने जाते है जबकि प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, राहुल गांधी करीबी

चौरडिया ने ये आरोप सीधे सीधे पटवारी और सिंह पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए लगाए। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओ की हठ धर्मिता के कारण प्रदेश मे लोकसभा की सभी की सभी 29 सीटें कांग्रेस हारी है, मुरैना, राजगढ़, छिंदवाडा, मंडला ,ग्वालियर जैसी सीट कांग्रेस जीत सकती थी लेकिन वहाँ भी उसे पराजय ही मिली।

### लोकसभा में कांग्रेस प्रत्याशी नहीं होने के पीछे पटवारी का हाथ

चौरड़िया ने आरोप लगाया कि पटवारी न केवल सरकार के साथ सेटलमेंट कर रहे हैं बल्कि भाजपा नेताओं के साथ कारोबारी संबंध भी निभा रहे हैं। इंदौर लोकसभा सीट पर कांग्रेस को उम्मीदवार विहीन होने के लिए भी पटवारी को जिम्मेदार ठहरा दिया। चौरड़िया ने कहा कि पटवारी को पहले जानकारी थी कि इंदौर में कांग्रेस उम्मीदवार पाला बदलेगा। इस बारे में वे केवल लापरवाह ही नहीं बने रहे बल्कि षडयंत्र करते हुए उन्होंने ही डमी उम्मीदवार को सही फार्म भरने से रोका।

### वह कभी कांग्रेस का भला नहीं कर सकता है

चुनाव में पटवारी ने कमजोर व्यक्तियों को टिकिट दिये और आम कार्यकर्ताओ की बिल्कुल नहीं सुनी। वे किसी भी कार्यकर्ता का न तो फोन उठाते और नही बात करते है। अभी तक उन्होंने प्रदेश कार्यकारिणी भी घोषित नही की जबकि कार्यकारिणी भंग हुए कई महीने बीत गए। चौरडिया ने कहा कि पटवारी की बीजेपी नेताओ से व्यापारिक संबध और सांठ गांठ है। ऐसा व्यक्ति कभी कांग्रेस का भला नहीं कर सकता है। जिस व्यक्ति को पटवारी इंदौर शहर कांग्रेस का अध्यक्ष बना रहे है वह निष्क्रिय है।

### निगम घोटाले के खिलाफ कभी सामने नहीं आए पटवारी

चौरड़िया ने कहा कि पटवारी कार्यकतार्ओं को आंदोलन करने की अनुमति तक नहीं दे रहे। इंदौर में पेपर लीक कांड में जब उनसे अनशन की अनुमति कुछ कार्यकतार्ओं ने मांगी तो उन्होंने इनकार कर दिया। नगर निगम के घोटाले हो या अन्य कांड पटवारी न खुल कर सामने आ रहे हैं ना ही अन्य नेताओं को आक्रामक विरोध करने दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस का कार्यकर्ता हताश है। कार्यकर्ता सामने आ कर विरोध नहीं कर सकते इसलिए सबकी आवाज उठाने के लिए मुझे सामने आना पड़ा।

### पटवारी के कारण ही कई नेताओ ने कांग्रेस छोड़ी

चौरड़िया ने पटवारी और प्रभारी जितेन्द्र सिंह को बताया हरल्ला है। उन्होंने कहा की जो खुद चुनाव नहीं जीत सकते , वो कांग्रेस को क्या जितायेंगे...? यह भी कहा कि पटवारी के कारण कई नेताओ ने कांग्रेस छोड़ी है.। पार्टी तत्काल उन्हें अध्यक्ष पद से हटाये।

## राज्य सेवा परीक्षा 2024 में पद बढ़ाने की मांग

### एमपीपीएससी के बाहर बारिश के बीच अभ्यर्थियों का प्रदर्शन, पुलिस पहुंची

इन्दौर। राज्य सेवा परीक्षा 2024 में पदों की वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर सोमवार को एमपीपीएससी के अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन कर आयोग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। अभ्यर्थी प्रशांत राजावत ने बताया कि राज्यसेवा भर्ती परीक्षा 2024 में कुल 110 और वन सेवा परीक्षा 2024 में 14 पद है। जबकि विभागों में हजारों पद खाली है।

हम अभ्यर्थियों की मांग है कि राज्य सेवा परीक्षा 2024 में कम से कम 500 और वन सेवा परीक्षा 2024 में 100 पदों पर भर्ती की जाए। ओबीसी आरक्षण के कारण हजारों अभ्यर्थी 87:13 नियम के कारण होल्ड पर है इसलिए ओबीसी आरक्षण के केस को कोर्ट में खत्म करने के लिए प्रयास किए जाना चाहिए।

# भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन

### शहर के विभिन्न चौराहों पर लगे सीसीटीव्ही कैमरों से की जा रही सतत निगरानी

### इन कैमरों से प्राप्त सूचना के आधार पर 51 भिक्षुकों के विरूद्ध कार्यवाही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशानुसार बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान का संचालन इंदौर में किया जा रहा है। इस अभियान को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने के लिए कलेक्टर सिंह के निर्देशानुसार जिले को भिक्षुक मुक्त किये जाने हेतु विभिन्न विभागों के 07 संयुक्त दलों का गठन किया गया है। यह दल महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी की अध्यक्षता में कार्य करते हुये विभिन्न चौराहों एवं धार्मिक स्थलों पर बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान संबंधित आवश्यक कार्यवाही को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करेंगे। अभियान अंतर्गत इंदौर शहर के विभिन्न चौराहों पर लगे सीसीटीव्ही कैमरों, ए.आई सी.टी.एस.एल (सिटी बस ऑफिस) गीता भवन इंदौर से निरन्तर मॉनिटरिंग की जा रही है। इस कार्य के लिए कर्मचारियों की तैनाती की गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी रामनिवास बुधोलिया ने बताया अभी तक विभिन्न स्थानों से 51 सीसीटीव्ही कैमरों पर भिक्षावृत्ति की सूचना मिली। इसके आधार पर 51 भिक्षुकों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है।

## अब झोन नहीं मुख्यालय पर ही बनेंगे जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र

### निगम ने किया व्यवस्था में बदलाव

इंदौर। जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने की व्यवस्था में इन्दौर नगर निगम में एक बार फिर बदलाव किया गया है जिसके तहत अब जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र फिर से मुख्यालय पर ही बनेंगे। अर्थात जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने के लोग अब लोगों को मुख्यालय पर ही जाना होगा झोन पर नहीं। बताया जा रहा है कि नगर निगम के साफ्टवेयर के धीमी गति से चलने के कारण यह बदलाव किया गया है। ज्ञात हो कि वर्तमान व्यवस्था में नगर निगम के सभी झोनल कार्यालयों से जन्म-मृत्यु पंजीयन प्रमाण पत्र बनाकर दिए जाते थे लेकिन विगत दो माह से यह प्रक्रिया बंद हो गई है। कारण दिल्ली जनगणना कार्यालय से मौजूदा सॉफ्टवेयर को अपडेट किया जाना बताया जा रहा है। नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी डॉ. अखिलेश उपाध्याय के अनुसार दिल्ली से सॉफ्टवेयर में कुछ बदलाव किए गए थे जिसके बाद जन्म-मृत्यु पंजीयन की प्रक्रिया लंबी हो गई है, इसलिए परेशानी आ रही है। इसके चलते यह बदलाव किया गया है।




# मां-बेटी का नृत्य देख झूम उठे विदेशी, इंदौर की स्वाति और अन्वी ने पोलैंड में मचाई धूम

### ◆ स्वाति बंसल और उनकी बेटी अन्वी ने पोलैंड के सिलेसिया पार्क में कुचीपुड़ी नृत्य की प्रभावी प्रस्तुति दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सात समंदर पार लंदन जाकर बस चुकी इंदौर की बेटी स्वाति बंसल और उनकी बेटी अन्वी ने रविवार को पौलेंड के सिलेसिया पार्क में कुचीपुड़ी नृत्य की प्रभावी ग्रुप प्रस्तुति दी। पार्क में मौजूद भारतीय एवं विदेशी दर्शकों ने दोनों का उत्साहवर्धन किया।

### अंतरराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत हैं स्वाति

इंदौर की बेटी स्वाति लंदन के भारतीय डांस ग्रुप नटरंग और अरुणिमा कुमार डांस कंपनी से जुड़ी हैं, जिन्होंने पौलेंड के पार्क में अपनी प्रस्तुतियों से प्रवासी देशी-विदेशी दर्शकों का मन मोह लिया। स्वाति के पिता महेश बंसल इंदौर के मनीषबाग में रहते हैं। उन्होंने बताया कि बेटी स्वाति सेंट रेफियल स्कूल में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद शहर के जीएसआईटीएस से इंजीनियरिंग डिग्री हासिल कर बैंगलुरू आईआईएम पहुंची, जहां से एमबीए की डिग्री प्राप्त करने के बाद अब लंदन की एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में महत्वपूर्ण पद पर काम कर रही हैं।

### कथक का प्रशिक्षण लिया

बचपन से नृत्य के प्रति रुचि के चलते स्वाति ने यहां कथक का आंशिक प्रशिक्षण भी लिया था। परिवार में होने वाले मांगलिक प्रसंगों में स्वाति का नृत्य आकर्षण का केन्द्र रहता था। महाविद्यालयीन शिक्षा और विवाह के बाद नौकरी एवं बच्चों की परवरिश के दौरान लंदन में नृत्य की इस रुचि से स्वाति लगभग दूर हो गई थी, लेकिन कोविड काल में जब लंदन में उन्हें पता चला कि यहां कुचीपुड़ी नृत्य की ऑनलाइन कार्यशाला भी उपलब्ध है तो स्वयं के साथ बेटी के लिए भी प्रशिक्षण लेना शुरू किया।

### सोशल मीडिया पर हुई लोकप्रिय

कोरोना के बाद सप्ताहंत में दोनों नृत्य शाला जाकर प्रशिक्षण भी प्राप्त करने लगी। अब स्थिति यह है कि स्वाति और उनकी बेटी अन्वी, दोनों ही अपने समूह की मुख्य नृत्यांगना बन चुकी हैं और प्रतिवर्ष एकाधिक अवसरों पर लंदन में उनकी प्रस्तुति होती रहती है। इस बार रविवार, 14 जुलाई को लंदन के बाहर पौलेंड में सिलेसिया पार्क में हुई प्रस्तुति की लोकप्रियता का आलम यह रहा कि वहां के अनेक लोगों ने उनके कुचीपुड़ी नृत्य की तस्वीरें अपने फेसबुक वॉल पर लगा रखी है, जिन्हें बड़ी संख्या में लाइक-कमेंट्स मिल रहे हैं।

# ई-रिक्शा चोरी करने वाली गैंग पकड़ाई

## चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ियों को भी बनाया आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। संयोगितागंज पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी कर उनके बैटरी बेचने वाली गैंग को पकड़ा है। पुलिस ने चोरी का माल खरीदने वाले कबाडि़यों को भी आरोपी बनाया है। गिर त में आए बदमाशों 16 लाख रूपए का मश्रुका बरामद किया है।**

संयोगितागंज एसीपी तुषार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में ई रिक्शा चोरी होने की घटनाएं बढ गई थीं। इन घटनाओं पर अंकुश लगाने और बदमाशों को पकडऩे के लिए थाना प्रभारी सतीश पटेल के नेतृत्व में टीमें बनाई गई थी। टीमों ने वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों की जानकारी जुटाई और फिर मुखबिर तंत्र की मदद से ई रिक्शा चोरी करने वाले सुमित यादव पिता भंवरकुंआ, उमेश उर्फ लक्की यादव निवासी कालानी नगर और राहुल यादव निवासी मल्हारगंज को गिर तार किया। इनसे स ती से पूछताछ की गई तो आरोपियों ने संयोगितागंज क्षेत्र के चडिय़ाघर,दवाबाजार, नवलखा,गुरूवारिया हाट,एमवाय अस्पताल परिसर से ई रिक्शा चोरी करना कबूल किया। अरोपियों ने बताया कि ई रिक्शा में कोई हेंडल लाक नहीं होने से उन्हें उसे चुराकर ले जाने में आसानी होती थी। वह ई रिक्शा को धकेल कर ले जाते थे। चुराई गई ई रिक्शा की बैटरियां निकालकर उसे कबाड़ी फैज अहमद निवासी भिस्ती मोहल्ला ,अजय वर्मा निवासी नगीन नगर , नारायण यादव निवासी बडागणपति और पवन निवासी भंवरकुंआ को बेच देते थे। पुलिस ने कबाड़ी फैजान अहमद को पकड़ लिया है। पुलिस ने इनके कब्जे से सात ई रिक्शा व 8 बैटरियों सहित करीब 16 लाख रूपए का मश्रुका जब्त किया है। पुलिस बाकी बचे तीन कबाडि़यों की तलाश कर रही है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक अरविंद कत्री, सत्यजीतसिंह चौहान, प्रधान आरक्षक कालीचरण सहित अन्य की महती भूमिका रही।

# होटल कर्मचारी की गलती से पी गया एसिड, मौत

इंदौर। एक होटल के कर्मचारी की गलती से उतरप्रदेश में रहने वाले एक व्यक्ति ने एसिड पी लिया। आवाज बंद हुई और घबराहट होने लगी तो व्यक्ति अपने मालिक से रूपए लेकर ऑटो से अस्पताल पहुंचा। यहां उपचार के दौरान देर शाम मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

सेन्ट्रल कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक यतिन्द्र( 40 )पुत्र विनोद रावत निवासी हाथरस अपने मालिक शेलेन्द्र के साथ सियागंज इलाके की प्रेसीडेंट होटल में सोमवार को आकर रूका। यहां पर यतिन्द्र को पानी की प्यास लगी। उसने होटल के किसी कर्मचारी से पानी को लेकर पूछा। कर्मचारी ने इशारे में उसे बोतल कुछ दूरी पर रखी हुई बताई। यही पर पानी की बोतल के पास एसिड की बोतल रखी थी। जिसे यतिन्द्र पी गया। तब अचानक उसे गले में जलन हुई। उसकी आवाज निकलना बंद सी हो गई। उसने शेलेन्द्र से 5 सौ रूपए लिये ओर डॉक्टर को बताने के लिए कहां। इसके बाद ऑटो से एमवाय चले गया। बाद में यहां पर डॉक्टरो ने उसे भर्ती कर लिया ओर एसिड पीने की बात कही। उसने अपने मोबाइल से मालिक शेलेन्द्र को कॉल किया। शाम को यतिन्द्र ने दम तोड़ दिया। शेलेन्द्र ने बताया कि उनका कलर पेंट का काम है। वह कृष्णपुरा मथुरा के रहने वाले है । व्यापारिक सिलसिले में इंदौर आए थे। हमेशा प्रेसीडेंट होटल में ही रूकते है। यतिन्द्र उनके यहां दो सालो से काम करता है। उसके परिवार में दो बच्चे ओर पत्नी है। यतिन्द्र की मौत के बाद परिवार को सूचना दी गई है। मंगलवार को परिवार इंदौर पहुंचेगा। इसके बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# युवक की अज्ञात कारणों से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। समीपस्थ औद्योगिक नगरी पीथमपुर के सेक्टर एक थाना क्षेत्र की चौपाटी पर रहने वाले 18 वर्षीय युवक की मौत का मामला सामने आया है।**

पुलिस ने बताया कि चंद्रिका पिता बसु यादव (18) अपने रविवार को अपने कमरे पर खाना बना कर लेटा और बेहोश हो गया। इस दौरान उसके दोस्त उसे तुरंत 108 एंबुलेंस की मदद से पीथमपुर अस्पताल लाए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन राम कृपाल यादव ने बताया कि चंद्रिका यादव रविवार शाम को काम से लौटने के बाद घर पर खाना बनाने के बाद फोन पर परिजनों से बिस्तर पर लेट कर बात कर रहा था। इसके बाद उसके दोस्तों ने जब खाना खाने के लिए आवाज लगाई, तो उसका कोई जवाब नहीं आया। पास जाकर देखा तो उसके शरीर में कोई हलचल नहीं हो रही थी। इसके बाद उसे तुरंत 108 की मदद से अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल में रखवाया गया है। शव को पीएम के बाद उतरप्रदेश के बलरामपुर ले जाया जाएगा।

# वाहन चोरी कर बेच देते थे पार्टस पलासिया पुलिस के चढे हत्थे चोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पलासिया पुलिस ने दो वाहन चोरों को पकड़ा है जो वाहन चोरी कर उनके पार्टस सस्ते दामों में बेच देते थे। पुलिस कंजर गिरोह के इन सदस्यों से चोरी किए गए 11 दोपहिया वाहन बरामद किए हैं।**

डीसीपी जोन-3 पकंज पांडे ने बताया कि वाहन चोरों को पकडऩे के लिए एसीपी तुषार सिंह के नेतृत्व में टीमें लगाई गई थी । तभी पलासिया पुलिस को सूचना मिली कि कंजर गिरोह के सदस्य वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं और वारदात कर भाग जाते हैं। इस पर टीआई मनीष मिश्र के नेतृत्व में टीमें विभिन्न कंजर डेरों में पहुंची जंहा वाहन चुराने वाले बदमाशों के फुटेज पुलिस ने उन्हें दिखाए इस पर आरोपियों की पहचान विनोद सिंह छपरी(कंजर) निवासीदेवास और मयंक हाड़ा (कंजर) निवासी देवास को गिर तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से शहर के अलग अलग थाना क्षेत्रों से चुराई गई 11 दोपहिया वाहन बरामद किए। गिर त में आए वाहन चोर आदतन अपराधी हैं उन पर चोरी के कई प्रकरण पूर्व में भी दर्ज हैं। पुलिस अन्य घटनाओं के संबंध में इनसे पूछताछ कर रही है।

## दंपति पर हमला

**इंदौर**। बाणगंगा इलाके में पड़ोसी टैंकर चालक ने रोड किनारे खड़ी बाइक गिरा दी। जब उसे महिला व उसके पति ने टोका तो आरोपी और उसके परिवार ने उन पर ईंट पत्थर से हमला कर दिया। थाना बाणगंगा पुलिस के मुताबिक विवाद और मारपीट की घटना भवानी नगर में जय गोपाला बिल्डिंग के पीछे हुई। फरियादी सुनीता पति शिवसिंह लोधी की रिपोर्ट पर आरोपी नरेंद्र, संदीप,नरेंद्र के पिता और मां के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मेरे पड़ोस में रहने वाला नरेंद्र टैंकर लेकर जा रहा था। तभी उसने मेरे किराएदार की बाहर खड़ी बाइक में टक्कर मार दी इससे बाइक गिर गई। इस पर मैंने बाहर आकर उससे कहा कि हमारे किराएदार की बाइक क्यों गिराई। इस पर आरोपी ने गालियां दी उसके पिता और मां भी बाहर आ गए थे। सबने विवाद किया। आरोपी के पिता ने ईंट व पत्थर उठाकर मारना चालू कर दिया। जिससे मेरे सिर और शरीर में चोट आई। मैं चिल्लाई तो आवाज सुनकर मेरे पति शिवसिंह आए उन्हें भी ईंट और पत्थर से मारकर घायल कर दिया।

## आटो चालकों में चले लट्ठ

**इंदौर।** सियागंज इलाके में रेलवे स्टेशन के पास आटो चालकों में बीच हुए विवाद में लट्ठ चल गए। हमले में एक चालक घायल हो गया।थाना सेंट्रल कोतवाली पुलिस क मुताबिक विवाद रेलवे स्टेशन के सामने हुआ। घायल का नाम असलम पिता गफूर खान (47)निवासी मोती तबेला चौराहा है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी इकबाल कलाल कुई मस्जिद के पास रावजी बाजार के खिलाफ मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया गया। पुलिस को फरियादी ने बताया कि घटना दिनांक को सवारी बैठाने को लेकर अरोपी से विवाद हुआ। आरोपी ने उसे गालियां दी और धक्का दे दिया। जब विरोध किया तो आरोपी ने उस पर डंडे से हमला कर दिया। हमले में चोटें आई।

# दहेज के लिए सताया,घर से निकाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एरोड्रम पुलिस ने एक ज्वेलर्स का काम करने वाली महिला की शिकाय पर उसके पति,देवर और ससुर के खिलाफ दहेज प्रताडऩा के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस अब मामले में जांच कर रही है। पीडिता के मुताबिक पति पर कर्ज हो गया। इस कारण से उसे दहेज के लिए परेशान कर रहे थे। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक उर्वशी सोनी निवासी शिक्षक नगर की शिकायत पर उसके पति राजकीर्ति सोनी,देवर गोविंद और ससुर किशोर कुमार पर केस दर्ज किया गया है। उर्वशी ने बताया कि वह ज्वेलर्स का काम करती है। 2006 में शादी हुई। शादी के बाद दो बेटे है। उर्वशी ने बताया कि 2016 में पति पर कर्ज हो गया था। इस समय वह बजरंग नगर में रहते थे। तब पति कहने लगे कि कर्ज उतारना है माता पिता से रूपए लाकर दो। वह मना करती तो देवर ओर ससुर उसे धमकाती। बाद में पति को लेकर शिक्षक नगर आ गई। लेकिन इसके बाद भी ससुर कहते थे कर्ज मुझे ही उतारना पडेगा। परेशान होकर घर छोड़ा और नंदानगर में किराये का घर ले लिया। उर्वशी ने पुलिस को बताया कि माता पिता ने काफी समझाया। लेकिन ससुर ओर पति नही माने वही बच्चो को भी साथ रख लिया ओर मिलने नही दिया। परेशान होकर केस दर्ज कराया है।

# एक हजार पौधे नि:शुल्क वितरित किए




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक पेड़ माँ के नाम व 51 लाख पौधरोपण अभियान कार्यक्रम के तहत ग्रीन इंदौर को ध्यान में रखते हुए समाजसेवी और भाजपा नेत्री विनीता सुरेंद्र पाठक के माध्यम से व ब्राह्मण समाज महिला मंडल द्वारा एक हजार से अधिक पौधों का निशुल्क वितरण किया गया ।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गोलू शुक्ला थे । मोती तबेला क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण प्रेमियों ने पौधे प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया व अतिथि के हाथों से पौधे प्राप्त किये। मुख्य अतिथि गोलू शुक्ला ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए ग्रीन इंदौर के लक्ष्य को प्राप्त करने व रिकार्ड पौधारोपण अभियान में एक मिशन के रूप में सहभागिता करने की अपील की। इसी के साथ आयोजन की शुरूवात पौधा वितरण के द्वारा की गई । अंत में सभी महिलाओं द्वारा पौधारोपण कर अधिक से अधिक पौधे लगाने की शपथ भी ली। इस अवसर पर भज भाजपा नेता सुमित मिश्रा, अरुण पेंढारकर, निहारिका शर्मा, संगीता पाठक, रेखा पंचोली, किरण जोशी, राजेश्वरी, मोनिका शर्मा, मोनिका दुबे, रूबी सलूजा उपस्थित थे ।

# सावन में खंडवा रोड पर भारी वाहन प्रतिबंधित हों

## विधायक गोलू शुक्ला ने कलेक्टर को पत्र लिखा कहा- कांवड़ यात्रियों के साथ हादसे की आशंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। 22 जुलाई से सावन का महीना शुरू होने वाला है। लाखों की संख्या में कांवड़ यात्री और भक्त यहां पहुंचेंगे। इन सबके बीच भीड़ को नियंत्रित करना और इंदौर खंडवा रोड पर लगने वाले जाम को रोकना बड़ी चुनौती नजर आ रहा है। इसे लेकर विधायक गोलू शुक्ला ने कलेक्टर का पत्र लिख मांग की है कि खंडवा रोड पर भारी वाहनों का प्रवेश एक माह के लिए बंद किया जाए। विधायक गोलू शुक्ला ने कहा कि हमने कलेक्टर से मांग की है कि एक महीने तक खंडवा रोड पर भारी वाहनों का प्रवेश बंद किया जाए। रास्ते में हो रहे निर्माण और जाम की समस्या से भी अवगत करवा दिया गया है। ट्रैफिक पुलिस और अन्य दल दिन और रात पूरे समय वाहनों की आवाजाही पर नजर रखेंगे। अगले सप्ताह से कांवड़ यात्राएं शुरू होने वाली हैं। कई बार ट्रक और भारी वाहनों की चपेट में आने से कांवडि़यों की जान चली जाती है। अभी पूरे रास्ते में निर्माण कार्य चलने से कांवडि़यों की सुरक्षा की चिंता भी बढ़ गई है।

# क्राइम ब्रांच ने ठगाए लोगों को दिलवाए 4 करोड़ से अधिक रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच ने आनलाइन फ्राड का शिकार हुए लोगों की शिकायत त्वरित कार्रवाई कर छह माह में अलग अलग पीड़ितों को करीब 4 करोड़ से अधिक राशि उन्हें सकुशल दिलवाई। साथ ही सायबर फ्राड से बचने के लिए एडिशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया लगातार लोगों को जागरूक भी कर रहे हैं। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच द्वारा संचालित सायबर हेल्पलाइन,सिटीजन काप,एनसीआर पोर्टल आदि माध्यमों से प्राप्त आनलाइन फ्राड की शिकायतों पर फ्राड इन्वेस्टिगेशन सेल द्वारा पीड़ितों से जानकारी एकत्रित कर उन्हें ठग से उनकी राशि निरंतर दिलवाई जा रही है। इसी अनुक्रम में वर्ष 2024(जनवरी से जून) तक में आवेदकों को करीब 4 करोड़ 9 लाख से अधिक की राशि सकुशल वापस कराई गई। वहीं सायबर पाठशाला जैसे अभियान के माध्यम से सायबर फ्राड को लेकर आमजन को जागरूक भी किया जा रहा है।

2 करोड़ में की थी केमिकल डिवाइस की डील

# उत्तराखंड में पकड़ाए भोपाल के युवकों से पूछताछ में खुलासा, मेडिकल फील्ड में होती है यूज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** उत्तराखंड में केमिकल डिवाइस के साथ पकड़ाए भोपाल के युवकों से पूछताछ में नया खुलासा हुआ है। आरोपियों ने ये डिवाइस यूपी के एक शख्स से 11 महीने पहले 5 लाख में खरीदी थी। आरोपियों ने इस डिवाइस को बेचने के लिए 2 करोड़ में डील की थी। पुलिस ने इस मामले में भोपाल के जैद अली और अभिषेक जैन के अलावा तीन आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया। आरोपियों को उत्तराखंड में देहरादून पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया था। इनकी गिरफ्तारी राजपुर क्षेत्र में आयकर विभाग के एक पूर्व अधिकारी के आवास से की गई थी। पुलिस ने पूर्व आयकर अधिकारी को भी आरोपी बनाया है।

### भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर में केमिकल की जांच

इधर, बरामद डिवाइस पर निमार्ता का नाम बोर्ड ऑफ रेडिएशन एंड आइसोटॉप टेक्नोलॉजी गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, डिपार्टमेंट ऑफ एटॉमिक एनर्जी, बीएआरसी/बीआरआईटी, वाशी काम्प्लेक्स सेक्टर 20, नवी मुंबई लिखा था। इस वजह से डिवाइस को जांच के लिए भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर भेजा गया।

जिसकी जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि डिवाइस में बिना किसी मापदंड के केमिकल का उपयोग किया है। इसे देखते हुए पुलिस ने आरोपियों पर धोखाधड़ी की धाराएं बढ़ा दी हैं। बरामद डिवाइस का इस्तेमाल मेडिकल फील्ड और बड़ी पाइप लाइन में लीकेज चेक करने में किया जाता है।

### यूपी के शख्स ने सस्ते में बेची थी ये डिवाइस

पुलिस पूछताछ में आरोपी तबरेज आलम ने बताया कि 11 माह पहले यूपी के सहारनपुर निवासी राशिद उर्फ समीर से यह डिवाइस पांच लाख रुपए में खरीदी थी, जो काफी महंगी है, लेकिन राशिद को पैसों की जरूरत होने के कारण उसने सस्ते में बेच दिया। इसे खरीदने के बाद मैंने उसे अपने फार्म में छिपाकर रख दिया, और बेचने की कोशिश में लग गया। इसी दौरान दिल्ली में लव मल्होत्रा नाम के व्यक्ति ने आगरा निवासी सुमित पाठक से पहचान कराई। सुमित डिवाइस खरीदने के लिए तैयार हो गया। इसके बाद उसने सौदा करने के लिए दून में अपने किराये के मकान में बुलाया। मकान को सुमित ने पूर्व इनकम टैक्स अधिकारी श्वेताभ सुमन से किराये पर लिया था।

### पांचों आरोपी जेल भेजे गए

पुलिस ने गिरफ्तार किए पांचों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। पुलिस ने इस मामले में मौके से सुमित पाठक निवासी बी-8 विजय नगर आगरा, तबरेज आलम निवासी थाना बेहट सहानपुर, सरवर हुसैन निवासी थाना रनोला नई दिल्ली, जैद अली निवासी थाना जहांगीराबाद भोपाल, अभिषेक जैन भानपुर भोपाल को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने 2 अन्य संदिग्धों को भी हिरासत में लिया। उनकी भूमिका की जांच की जा रही है।

# ट्रेन की टक्कर से टाइगर की मौत

**सीहोर के बुधनी में रेलवे ट्रैक पर मिला शव**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जोशीपुर (बुदनी)।** सीहोर जिले के बुधनी क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आने से एक बाघ की मौत हो गई। जबकि दो छोटे शावक घायल हो गए। इनके इलाज के लिए भोपाल से डॉक्टर्स की टीम यहां पहुंची है। जिसने शावकों को इलाज शुरू कर दिया है।

हादसा सोमवार सुबह 11 से 12 बजे के बीच बुधनी के मिडघाट रेलवे ट्रैक के खंभा नंबर 800/18 के पास हुआ। रेंजर महिपाल सिंह ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर 1 बाघ का शव मिला है। उसके साथ दो बाघ घायल थे। ये ट्रेन की चपेट में आए हैं। वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू किया है। डीएफओ एमएस डाबर ने भी बाघ के ट्रेन से टकराने की बात कही है। दोनों शावक की उम्र एक एक साल की बताई जा रही है।

**राज्य को टाइगर स्टेट का दर्जा-** 2022 की गणना के अनुसार मध्यप्रदेश में 785 बाघ पाए गए। जो देश में सबसे ज्यादा है। इस घोषणा के साथ ही मध्यप्रदेश को लगातार दूसरी बार टाइगर स्टेट का दर्जा मिला है। पिछली गणना 4 साल पहले 2018 में हुई थी। तब यह संख्या 526 थी। इसमें अब 259 टाइगर बढ़ गए हैं। इंटरनेशनल टाइगर डे पर 29 जुलाई 2023 को यह रिपोर्ट जारी की गई थी। जिसमें मध्य प्रदेश तीसरी बार टाइगर स्टेट बना है। सबसे पहले 2006 में टाइगर स्टेट बना था। फिर 2018 और 2022 में लगातार दो बार टाइगर स्टेट बना।

**टाइगर स्टेट एमपी बाघों की मौत में भी नंबर वन-** टाइगर स्टेट मध्यप्रदेश में बीते 6 महीने में 23 बाघों की मौत हो चुकी है। इनमें से 12 की मौत अकेले बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हुई है। देशभर में टाइगर की मौत के मामले में मप्र पहले पायदान पर है। वर्ष 2024 में अब तक देश में कुल 75 टाइगर की मौत हुई है।

# मंत्री की सख्त चेतावनी के बाद भी प्राइवेट स्कूल बंद

**नर्मदापुरम में प्राइवेट स्कूल हड़ताल पर; बच्चों की छुट्टी, स्टाफ को बुलाया**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश सरकार में स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप की चेतावनी के बाद भी नर्मदापुरम के प्राइवेट स्कूल संचालक सोमवार से हड़ताल पर चले गए हैं। जिले के 430 में से अधिकांश स्कूल बंद हैं, लेकिन कुछ स्कूल खुले हुए हैं और हड़ताल को समर्थन नहीं दिया है।

स्कूल को बंद रखने की जानकारी स्कूल मैनेजमेंट की ओर से पेरेंट्स के वॉट्सएप ग्रुप पर रविवार को ही दे दी गई थी। स्कूल कब तक बंद रहेंगे, यह नहीं बताया। यह तब है, जब इसकी जानकारी मिलने पर रविवार को ही शिक्षा मंत्री ने सख्त लहजे में कहा था, ह्रादेश की व्यवस्था का सबसे जिम्मेदार आदमी स्कूल संचालक होता है। वो अगर हड़ताल पर जाने का गैर जिम्मेदार निर्णय करेगा तो इसके परिणाम भी ठीक नहीं होंगे। कोई समस्या है तो बातचीत से हल निकल सकता है।

प्राइवेट स्कूल संचालकों के संगठन सोसाइटी फॉर प्राइवेट स्कूल डायरेक्टर्स (सोपास) ने अनिश्चितकालीन स्कूल बंद की घोषणा की है। सोपास संगठन के जिलाध्यक्ष अलोक राजपूत ने बताया कि शिक्षा मंत्री से बात हुई है। अब संगठन की कोर कमेटी उनसे बात करेगी। प्रतिनिधि मंडल जिला स्तर के अधिकारियों से भी बात करेगा।

### फीस वृद्धि की सूची में नाम, लेकिन हड़ताल को नहीं दिया समर्थन

हड़ताल का कितना असर है? जानने के लिए शांतिनिकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल सदर बाजार, सर्वाइट स्कूल, सेमेरिंटन हायर सेकेंडरी स्कूल चक्कर रोड, सनराइज स्कूल, सेंट पॉल स्कूल, प्रियंका हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंची। इन स्कूलों में स्टाफ तो मिला, लेकिन बच्चों की पढ़ाई के लिए स्कूल बंद रखा गया।

शांतिनिकेतन स्कूल में सीबीएसई बोर्ड की पूरक परीक्षा हुई तो सेमेरिंटन स्कूल में संगीत का प्रोग्राम हुआ। न्यू एरा कॉन्वेंट स्कूल कालिकानगर ने हड़ताल को समर्थन नहीं दिया है। स्कूल स्टाफ का कहना है कि हमारी लड़ाई शासन की नीतियों के खिलाफ है। हड़ताल से बच्चों का नुकसान होगा। प्रशासन ने फीस बढ़ाने पर 79 स्कूल की लिस्ट बनाई है। इस लिस्ट में न्यू एरा स्कूल का नाम भी है।

### यह समस्या बता रहा सोपास

स्कूल संचालकों से फीस बढ़ाने की जानकारी जिस पोर्टल पर अपलोड कराई जा रही है, उसमें बहुत खामियां हैं। जानकारी लेने से पहले इसमें सुधार किया जाए। 10 जुलाई को निजी स्कूलों के सोपाक संगठन ने बैठक की। संगठन ने कहा कि कोरोना काल में सरकार ने फीस 10 फीसदी कम करने का कहा था। हमने तीन साल तक कम की। अब हम तीन साल पहले जितनी हमारी फीस हुआ करती थी, उस अनुसार 10 प्रतिशत बढ़ा रहे हैं, तो विभाग और अभिभावक कह रहे हैं कि हमने 20 से 25 फीसदी फीस बढ़ा दी।

# ट्रक में घुसी कार, डब्लूसीएल के अधिकारी की मौत

**पत्नी, दो बच्चे और ड्राइवर घायल**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर में हुए रोड एक्सीडेंट में झारखंड की डब्लूसीएल (वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ) कंपनी के अधिकारी की मौत हो गई। हादसा रविवार रात हाईवे पर पनागर के कुसनेर गांव के पास हुआ। पत्नी, दो बच्चे और ड्राइवर घायल हुए हैं। ड्राइवर की हालत गंभीर बताई जा रही है। कौशल सिंह (40) महाराष्ट्र के चंद्रपुर के रहने वाले थे। पत्नी रश्मि और दो बच्चों के साथ वे चंद्रपुर जा रहे थे। कार की ड्राइवर वाली सीट पर कौशल, जबकि पत्नी और बच्चे पिछली सीट पर बैठे थे। बताया जा रहा है कि हाईवे पर ट्रक ड्राइवर ने ब्रेक लगाए, इस वजह से पीछे से आ रही कार ट्रक में घुस गई। ड्राइवर कार पर कंट्रोल नहीं कर पाया। सिर में चोट लगने से कौशल सिंह की मौत हो गई। पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। पनागर थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि ट्रक को जब्त कर लिया गया है।

# साले ने जीजा को चाकू से गोदकर मार डाला

**खंडवा के खानशाहवली में दिनदहाड़े हत्याकांड**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** खंडवा के खानशाहवली इलाके में मेन रोड पर सोमवार सुबह एक युवक की हत्या कर दी गई। आरोपी रिश्तेदार ने युवक को दिनदहाड़े चाकू से गोदकर मारा है। वारदात के समय तेज बरसात हो रही थी, इसलिए सड़क पर सन्नाटा था। मौके पर पहुंची थाना मोघट रोड पुलिस ने शव बरामद कर लिया है। आरोपी की पहचान हो गई है, पुलिस तलाश में जुटी हुई है। पुलिस के मुताबिक, मृतक शोएब पिता निसार गुलशन नगर निवासी हैं। वह ऑटो चलाता था। हालांकि, सुबह खानशाहवली क्षेत्र में वह पैदल पहुंचा था। यहां फुटपाथ पर जूते-चप्पल की दुकान लगाने वाले शाहरुख निवासी इंदिरा नगर बेड़ी से विवाद हो गया। विवाद के दौरान शाहरुख ने शोएब पर चाकू से हमला कर दिया। लहूलुहान हुए शोएब ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बारिश के बीच काफी देर तक शव रोड़ किनारे पड़ा रहा। बताते हैं कि आरोपी और मृतक जीजा-साले हैं। साले ने जीजा की हत्या की है।

# बच्चे को जिंदा जलाया गैस पाइप से गला कसा

**अधमरा हुआ तो कपड़े डालकर आग लगा दी**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर।** सागर में 35 साल के एक युवक ने 11 साल के बच्चे को जिंदा जला दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला मकरोनिया के बड़तूमा गांव का है। लड़के का अधजला शव उसी के घर में 12 जुलाई को मिला था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने बताया कि चिकन पार्टी का कहकर वो बच्चे के घर आया। उसके साथ अननैचुरल रिलेशन बनाने की कोशिश करने लगा। बच्चे ने विरोध किया तो पहले गैस पाइप से उसका गला कसा, अधमरा होने पर उसके ऊपर कपड़े डालकर आग लगा दी। बच्चा अपने बड़े भाई और बहन के साथ रहता था। भाई-बहन भी नाबालिग हैं। पिता का निधन हो चुका है। मजदूरी के काम से मां दूसरे शहर में गई हुई थी।

**भोपाल भागने की फिराक में था आरोपी-** सीएसपी नीलम चौधरी के मुताबिक,



जांच में पता चला था कि 11 जुलाई की रात 10 बजे नाबालिग को अंकित अहिरवार (35) के साथ देखा गया था। अंकित बड़तूमा का ही रहने वाला है। आपराधिक प्रवृत्ति का है। उसके खिलाफ मकरोनिया थाने में मारपीट और आर्म्स एक्ट के केस पहले से दर्ज हैं। उस पर शक की एक और वजह यह थी कि वह घटना के बाद से लापता था। पुलिस संदेही मानकर उसकी तलाश कर रही थी। रविवार को आरोपी को रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। वह शहर छोड़कर भोपाल की ओर भागने की फिराक में था। आरोपी को कोर्ट ने जेल भेज दिया है।

## संपादकीय

# बेखौफ अपराधी

राजधानी दिल्ली के गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल में भर्ती एक मरीज की सरेआम गोली मारकर हत्या कर देने की घटना से एक बार फिर कई सवाल खड़े हुए हैं। अस्पताल में बीमार और घायल लोग इलाज पाकर नए जीवन की उम्मीद करते हैं। मगर अस्पताल ही जब सुरक्षित न हों तो पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्था का सवालों के कठघरे में आना स्वाभाविक है। इस घटना के बाद अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सक भी अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। यही वजह है कि जीटीबी अस्पताल के रेजीडेंट डाक्टरों ने इसे लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। उनका कहना है कि अस्पतालों में सुरक्षा बढ़ाने को लेकर उनकी मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है। जब तक सरकार अस्पताल के भीतर सभी के लिए सुरक्षित माहौल नहीं बनाती, वे सेवाएं नहीं दे सकते। गौरतलब है कि दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में रविवार को एक युवक ने वार्ड में घुसकर वहां भर्ती एक मरीज की गोली मार कर हत्या कर दी। उस वक्त वार्ड में अन्य मरीज और अस्पताल के कर्मी भी मौजूद थे, लेकिन हमलावर ने हथियार दिखाकर सभी को चुप करा दिया। जाहिर है, हमलावर के भीतर पुलिस और कानून का कोई खौफ नहीं था। सवाल है कि हमलावर हथियार लेकर अस्पताल के भीतर कैसे दाखिल हो गया। क्या वहां सुरक्षा जांच की कोई व्यवस्था नहीं थी? या फिर सुरक्षा में कोई चूक हुई है? लापरवाही का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद आसानी निकल भागा। यह सब जांच का विषय है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को भी कठघरे में खड़ा किया जाना चाहिए। इस घटना के बाद दिल्ली सरकार का कहना है कि यहां के सभी अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद होनी ही चाहिए, लेकिन आखिर ऐसा क्यों होता है कि शासन-प्रशासन कोई बड़ी घटना होने के बाद ही सक्रिय होता है? जब तक तमाम व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए ठोस नीति तैयार कर उस पर सख्ती से अमल सुनिश्चित नहीं किया जाता, तब तक इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाना मुश्किल होगा।

### अर्ज किया है..!

*मैं कुछ न कहूँ और*
*ये चाहूँ कि मिरी बात*
*ख़ुश्बू की तरह उड़ के*
*तिरे दिल में उतर जाए*

-हिमायत अली शाएर

### OSHO कहिन

**वास्तविक रहें और एक बड़ा चमत्कार करने का प्रयास करें।**



### Health is Wealth

# इन 5 लोगों को भूलकर भी नहीं खाना चाहिए कटहल

## सेहत को होते हैं ये नुकसान

कटहल को अगर अच्छी तरह पकाया जाए तो यह देखने में नॉनवेज जैसा लगता है। इसमें मौजूद प्रोटीन, फाइबर, विटामिन ए, विटामिन सी, पोटैशियम, मैग्नीशियम, कॉपर, मैंगनीज, राइबोफ्लेविन जैसे पोषक तत्व व्यक्ति के पाचन तंत्र, हृदय और इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हुए सेहत को कई गजब के फायदे पहुंचाते हैं। कटहल में कैलोरी की मात्रा अधिक होने के बावजूद यह कोलेस्ट्रॉल या सैचुरेटेड फैट से छुटकारा दिला सकता है। सेहत के लिए इतना फायदेमंद होने के बावजूद क्या आप जानते हैं कुछ लोगों को इसका सेवन करने से बचना चाहिए। कटहल का सेवन उनकी सेहत को फायदा नहीं बल्कि नुकसान पहुंचा सकता है। आइए जानते हैं आखिर किन लोगों को नहीं खाना चाहिए कटहल।



## किन लोगों को नहीं खाना चाहिए कटहल

### एलर्जी

जिन लोगों को लैटेक्स या बिर्च पोलन से एलर्जी होती है, उन्हें खासतौर पर कटहल का सेवन करने से बचना चाहिए। कटहल खाने से उन्हें एलर्जी के लक्षण झेलने पड़ सकते हैं। एलर्जी की वजह से रेस्पिरेटरी सिस्टम प्रभावित होता है और कुछ लोगों को सांस लेने में परेशानी या सांस आनी बंद हो सकती है।

### डायबिटीज

डायबिटीज रोगियों को भी कटहल का सेवन सीमित मात्रा में ही करना चाहिए। कटहल में मौजूद एंटी-डायबिटिक गुण ब्लड शुगर लेवल को लो कर सकते हैं। अगर मधुमेह रोगी रोजाना कटहल का सेवन अधिक मात्रा में करते हैं, तो इससे ब्लड शुगर लेवल काफी नीचे जा सकता है। जो शुगर पेशेंट के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

### प्रेगनेंसी

प्रेगनेंसी के दौरान कटहल का सेवन करने से गर्भवती महिलाओं को बचना चाहिए। कटहल में मौजूद इन्सॉल्यूबल फाइबर मां और बच्चे दोनों की सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। कटहल खाने से गर्भपात होने की संभावनाएं भी बढ़ जाती है। इसके अलावा ब्रेस्टफीडिंग करवाने वाली महिलाओं को भी कटहल नहीं खाना चाहिए। कटहल का सेवन करने से पहले इन महिलाओं को अपने डॉक्टर की सलाह जरूर लेनी चाहिए।

### किडनी रोग

अगर आप किडनी रोग से जुझ रहे हैं तो भी कटहल का सेवन करने से बचें। कटहल में मौजूद पोटैशियम खून में पोटैशियम लेवल को बढ़ाकर किडनी के लिए समस्या पैदा कर सकता है। यह स्थिति हाइपरकलेमिया कहलाती है, जो कि पैरालाइसिस और हार्ट फेलियर का कारण भी बन सकती है।

### सर्जरी के दौरान

सर्जरी से पहले या बाद में भी कटहल का सेवन करने से बचना चाहिए। ऐसा करना आपके लिए पेट से जुड़ी समस्या को बढ़ाने का काम कर सकता है। जिससे खाना पचने में भी मुश्किल आ सकती है। ऐसे में जिन लोगों का ऑपरेशन होने वाला है उन्हें करीब दो सप्ताह पहले से ही कटहल का सेवन बंद कर देना चाहिए।

Jammu & Kashmir

# कश्मीर में बाज नहीं आ रहे आतंकी, अब डोडा में एनकाउंटर, अफसर समेत 5 जवान शहीद

**श्रीनगर, (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी लगातार सुरक्षाबलों को निशाना बनाने की कोशिश कर रहे हैं। सोमवार को डोडा में आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में 5 जवान बुरी तरह से घायल हो गए थे जिन्होंने अस्पताल में दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक आर्मी का एक अधिकारी भी हमले में शहीद हो गया है। कश्मीर के एक आतंकी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। आतंकी संगठन 'कश्मीर टाइगर्स' ने बयान जारी करके कहा है कि सुरक्षाबलों ने जब 'मुजाहिदीन' का तलाशी अभियान शुरू किया तो फायरिंग की गई।

बता दें कि कश्मीर टाइगर्स पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का शैडो ग्रुप है। 9 जुलाई



को कठुआ में हुए हमले की जिम्मेदारी भी इसी आतंकी संगठन ने ली थी। अधिकारियों का कहना है कि डोडा में राष्ट्रीय राइफल्स और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने शाम को 7 बजे के बाद देसा जंगल इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। यहां आतंकियों के छिपे होने की खुफिया जानकारी मिली थी।

इसके बाद जंगल में छिपे आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी। 20 मिनट चली मुठभेड़ में अधिकारी समेत चार जवान बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चारों जवानों ने दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक उनकी हालत गंभीर थी। डोडा में आतंकियों के साथ मुठभेड़ अब भी जारी है। बताया गया कि यहां तीन से चार आतंकी छिपे हो सकते हैं।

Uttarpradesh

## बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की बेरहमी से हत्या घर में ही मिला शव



**पटना, (एजेंसी)** बिहार सरकार में पूर्व मंत्री रहे मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी का बेरहमी से कत्ल हो गया है। दरभंगा में उनकी हत्या की गई है। अब तक इस हत्या की वजह पता नहीं चली है, लेकिन पुलिस सूत्रों का कहना है कि निजी रंजिश के चलते शायद इस कांड को अंजाम दिया गया है। मुकेश सहनी बिहार में मल्लाहों के बड़े नेता कहे जाते हैं। वह विकासशील इंसान पार्टी यानी VIP के मुखिया भी हैं। जीतन सहनी का शव घर में ही क्षत-विक्षत अवस्था में पाया गया। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में मुकेश सहनी आरजेडी के साथ थे और महागठबंधन का हिस्सा थे।

पिछड़ा समुदाय से आने वाले मुकेश सहनी के पिता की हत्या बिहार में एक बड़ा मुद्दा बन सकती है। राज्य में कानून व्यवस्था पर यह कांड बड़े सवाल खड़े करता है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि जीतन सहनी का शव घर में ही क्षत-विक्षत अवस्था में मिला है। इस हत्याकांड पर आरजेडी के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है। ऐसा लग रहा है कि बिहार में अब कोई सुरक्षित नहीं है। यहां लगातार हत्याओं का दौर जारी है। जब मुकेश सहनी के पिता का इस तरह कत्ल हो सकता है तो फिर कौन सुरक्षित है। मिली जानकारी के मुताबिक मुकेश सहनी फिलहाल मुंबई में थे। खबर मिलते ही वह दरभंगा लौट रहे हैं। एसएसपी जगन्नाथ रेड्डी ने जीतन सहनी के कत्ल की पुष्टि की है।

Tamil Nadu

## तमिलनाडु में बीएसपी चीफ की हत्या के बाद दूसरा कांड, मॉर्निंग वॉक पर निकले नेता को बेरहमी से मार डाला

**चेन्नई, (एजेंसी)** तमिलनाडु में बीएसपी चीफ की हत्या के बाद अब एक और नेता की सरेराह हत्या कर दी गई है। मदुरै में 'नाम तमिलर पार्टी' के उत्तरी जिले के डिप्टी सेक्रेटरी बालासुब्रमण्यम की मंगलवार की सुबह हत्या कर दी गई। जानकारी के मुताबिक मॉर्निंग वॉक पर निकले थे और इसी दौरान कुछ लोगों ने उन्हें घेर लिया और हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक हत्या के पीछे की वजह का अभी पता नहीं चल पाया है। जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हत्या चोक्किकुलम में वल्लभी रोड पर हुई जो कि तल्लाकुलम पुलिस स्टेशन के अंतरगत आता है। जानकारी के मुताबिक बालासुब्रमण्यम को चार लोगों ने रोका था और उनपर हमला करने के बाद वे फरार हो गए। इसके बाद तुरंत उन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया लेकिन वहां मृत घोषित कर दिया गया। बता दें कि 5 जुलाई को राज्य में बीएसपी चीफ आर्मस्ट्रॉन्ग की उनके घर पर ही हत्या कर दी गई थी। वह अपने घर में ही कुछ पार्टी के कार्यकर्ताओं से बात कर रहे थे तभी छह लोग बाइक पर सवार होकर आए और चाकू-तलवार से हमला कर दिया।

New Delhi

## 19 राज्यों में तीन दिन भारी बारिश की चेतावनी, गुजरात से असम तक बाढ़

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड से लेकर पूर्वोत्तर और महाराष्ट्र, केरल और कर्नाटक तक झमाझम बारिश और बाढ़ के चलते नदियां उफान पर हैं। यूपी, गुजरात से लेकर बिहार और असम तक कई राज्यों में बाढ़ का कहर जारी है। इस बीच मौसम विभाग ने सोमवार को यूपी समेत 19 राज्यों में अगले तीन दिन भारी बारिश की चेतावनी दी है।

केरल, गोवा, महाराष्ट्र, कर्नाटक और गुजरात के सौराष्ट्र और कच्छ में मंगलवार को भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। उत्तराखंड में 17-18, पूर्वी राजस्थान में 18, ओडिशा में 19 और आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में 18-19 जुलाई को भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट है। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, बिहार,



झारखंड, ओडिशा, पूर्वोत्तर और दक्षिण के राज्यों में भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। बीते 24 घंटे में कई राज्यों में भारी बारिश हुई। गुजरात के वलसाड और नवसारी में घरों में कई फुट तक पानी घुस गया है। केरल के सात जिलों और कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में भारी बारिश के चलते सोमवार को स्कूल-कॉलेज बंद रहे।

खेल

# सात्विक-चिराग की जोड़ी को मिला आसान ड्रॉ इस वरीयता के साथ पदक पर दांव लगाने उतरेंगे

**नई दिल्ली, (एजेंसी) पेरिस ओलंपिक के लिए बैडमिंटन के ड्रॉ कुछ दिन पहले निकले थे, लेकिन उसमें पुरुष डबल्स के ड्रॉ की घोषणा नहीं हुई थी। अब 26 जुलाई से शुरू हो रहे इन खेलों के लिए डबल्स वर्ग के ड्रॉ की घोषणा भी हो गई है और सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय पुरुष डबल्स जोड़ी को अनुकूल ड्रॉ मिला है। थॉमस कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे सात्विक और चिराग की जोड़ी को तीसरी वरीयता मिली है।**

ड्रॉ में जोड़ियों की संख्या को लेकर खेल पंचाट (कैस) की सुनवाई के कारण शुक्रवार को पुरुष डबल्स ड्रॉ स्थगित कर दिया गया था। खेल की वैश्विक संचालन संस्था को ड्रॉ स्थगित करना पड़ा क्योंकि कैस ने बैडमिंटन विश्व महासंघ





(बीडब्ल्यूएफ) को आदेश दिया कि कोर्वी और लेबर की जोड़ी को ओलंपिक खेलों में शामिल करने को लेकर अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को सिफारिश की जाए। फ्रांस की जोड़ी के शामिल होने से पुरुष ड्रॉ में शुरुआती 16 की जगह अब 17 जोड़ियां होंगी।

स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार सात्विक और चिराग की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी को ग्रुप सी में रखा गया है जहां फजर अल्फियां और मोहम्मद रियान एरदियांतो की इंडोनेशिया की छठे नंबर की जोड़ी उनकी सबसे कड़ी प्रतिद्वंद्वी होगी। राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता सात्विक और चिराग की जोड़ी को ग्रुप चरण में मार्क लैम्सफस और मर्विन सीडल की जर्मनी की 31वें नंबर की जोड़ी और लुकास कोर्वी तथा रोनन लेबर की फ्रांस की दुनिया की 43वें नंबर की जोड़ी से भी भिड़ना है। ओलंपिक में बैडमिंटन स्पर्धाएं 27 जुलाई से शुरू होंगी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और एचएस प्रणय को आसान ग्रुप में जगह मिली थी। रियो खेलों में रजत पदक और उसके बाद टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू को 10वीं वरीयता दी गई थी। वहीं, विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज तनिषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय जोड़ी को महिला डबल्स में मुश्किल ग्रुप सी में जगह मिली थी।

सिनेमा

## ड्रग्स केस में गिरफ्तार रकुल प्रीत सिंह के भाई, 2.6kg कोकीन बरामद, 30 लोगों के नाम का खुलासा



बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह के भाई अमन प्रीत सिंह को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। हैदराबाद के कोकीन रैकेट में उनका नाम सामने आया है। इस लिस्ट में 30 लोगों के नामों का खुलासा हुआ है। अमन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तेलंगाना एंटी नारकोटिक्स डिपार्टमेंट को 2.6 किलो कोकीन मिला है। जिसे बेचने के लिए हैदराबाद लाया गया था। टीम ने इस रैकेट का भंडाफोड़ किया और 30 संभावित ग्राहकों की पहचान की। (इनमें एक शख्स एक्टर का रिश्तेदार भी है)। ये सभी 30 नाम हैदराबाद कमिश्नर को आगे की जांच पड़ताल के लिए सौंपे गए हैं। अमन स्ट्रगलिंग एक्टर हैं। वो कई म्यूजिक वीडियो में काम कर चुके हैं। उन्हें ट्रैवलिंग का काफी शौक है। अमन को लेकर हुए विवाद पर अभी रकुल और उनकी फैमिली के किसी भी मेंबर का रिएक्शन नहीं आया है। मालूम हो, साल 2020 में सुशांत सिंह राजपूत ड्रग्स केस की जांच के दौरान रकुल का नाम भी सामने आया था। कई एक्ट्रेसेज का नाम इस केस से जुड़ा था। इसमें रकुल भी शामिल थीं। रिया चक्रवर्ती ने पूछताछ में सारा अली खान और रकुल प्रीत का नाम लिया था। मीडिया में अपना नाम आने पर रकुल ने नाराजगी भी जताई थी।




1. **Mutilated body of I.N.D.I.A ally Mukesh Sahani's father found at home in Bihar**
2. **Know symptoms as Chandipura virus claims lives of 6 in Gujarat**
3. **Hathras: How three generations of women got killed in the stampede**
4. **Naam Tamilar Party leader murdered while walking on TN street**
5. **Culprits won't be spared: Bihar Dy CM on Sahani's father's murder**

# IREDA share price dips 5% today as Philip Capital gives 'sell' tag

**NEW DEIHI, (Agency).** IREDA share price: Shares of Indian Renewable Energy Development Agency (IREDA) Limited witnessed strong selling today (July 16). This comes after the domestic brokerage Philip Capital predicted heavy correction in the stock and gave a 'sell' tag to IREDA. The share price of the PSU stock today opened with a downside gap at ₹288.70 apiece on the NSE. The stock touched an intraday low of ₹273.15 per share within a few minutes of the stock market opening.

What brokerage Philip Capital said on IREDA share price?

Philip Capital maintained its 'sell' tag on the PSU stock and predicted a deep downside in IREDA shares while saying that IREDA



delivered strong Q1FY25 results. IREDA stock has risen for the last four sessions.

"Higher exposure to the private sector and high proportion of the vulnerable portfolio do not provide confidence for low credit costs in the medium term," the brokerage said.

Philip Capital expects IREDA's earnings growth of 18% and 20% in FY25 and FY26, translating into return on equity of 16% as it said, "While loan growth is high, return ratios are moderate and there is higher exposure to the private segment – which undermines conviction for continued lower credit cost."

IREDA stock so far

IREDA made its stock market debut towards the end of last year. The stock has risen nearly 10 times in eight months of going public. The stock has already risen 185% so far in 2024. At the current levels, the market capitalisation of IREDA has crossed ₹80,000 crore.

# 7th Pay Commission: Karnataka announces more than 27% salary hike for employees

**NEW DEIHI, (Agency).** The Karnataka government approved a substantial pay hike for its employees following the recommendations of the 7th Pay Commission. The decision was confirmed in a Cabinet meeting chaired by Chief Minister Siddaramaiah and will be effective starting August 1. Employees will see a 27.5% increase in salaries. Karnataka minister Priyank Kharge said that it was one of the demands of people and it will benefit around 14 to 15 lakh state employees.

"Seventh Pay Commission was one



of the demands of the people and it was also there in our manifesto. Yesterday we brought it into the Cabinet and saw the blueprint of the financials. It will benefit around 14 to 15 lakh state employees," Priyank Kharge said. News agency PTI reported that the 7th Pay Commission, led by former chief secretary K Sudhakar Rao, suggested a 27.5 per cent increase in the basic salary of government employees. This is expected to cost the government exchequer an additional ₹17,440.15 crore annually but there was pressure on the Siddaramaiah government to approve a salary increase after the Karnataka State Government Employees Association said that it would launch an indefinite strike in August, PTI reported.

**अलसुबह हुई तेज बारिश**

# सवा दो घंटे में 36.25 मिली मीटर बारिश से सड़कों पर बह निकला पानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मंगलवार की अलसुबह शहर में हुई तेज बारिश से कई इलाकों में पानी भर गया। बीआरटीएस पर पानी जमा होने से वाहन चालकों को दिक्?कतों का सामना करना पड़ा। बारिश के दौरान बिजली की गडग़ड़ाहट भी होती रही। कई सडक़ों पर खासा पानी जमा हो गया।**



सोमवार को गर्मी और उमस के बाद मंगलवार सुबह क़रीब पौने पांच बजे से शहर में गरज-चमक के साथ तेज बारिश शुरू हुई। बादलों की गर्जना इतनी तेज थी कि घरों में सो रहे लोग भी जाग उठे।रीगल स्थित मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वेदर स्टेशन पर मंगलवार सुबह 4.45 से 7 बजे तक 36.25 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक मंगलवार को आगे भी शहर में गरज-चमक के साथ मध्यम स्तर की बारिश होने की संभावना है। सांवेर में पिछले 24 घंटे में 85 मिलीमीटर बारिश हुई। महू में 27 व देपालपुर में 18.5 मिमी बारिश हुई।

इसके पहले सोमवार को भी शहर को बादल छाए और दिन में गर्मी व उमस का असर रहा। दोपहर से शाम तक शहर के अलग-अलग हिस्सों में रुक-रुककर बौछारें पड़ी। सोमवार रात 9 बजे तक रीगल क्षेत्र में 2 मिमी व एयरपोर्ट क्षेत्र शाम 5.30 बजे तक 5.1 मिमी बारिश दर्ज हुई। सोमवार को अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 31 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक मंगलवार को भी शहर के बादल छाएंगे और दोपहर बाद भी शहर अलग-अलग हिस्सों में रुक-रुककर बारिश होगी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक